# मुख्य तथ्य

1. "अनुसूचित वाणिज्य बैकों की जमाराशियां एवं ऋण की तिमाही सांख्यिकी - जून 2006" जून 2006 के अंतिम शुक्रवार की स्थिति के अनुसार अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की कुल जमाराशियों और सकल बैंक ऋण पर आँकडे.दर्शाती है। ये आँकडे.मूलभूत-सांख्यिकीय विवरणियों (बीएस्आर)-7 पर आधारित होते हैं जिसे अनुसूचित वाणिज्य बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक सम्मिलित) की सभी शाखाओं से प्राप्त किया जाता है। इस तिमाही में 36 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का विलय 12 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के रुप में हुआ जिससे क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की कुल संख्या मार्च 2006 तिमाही के अंत की 133 से जून 2006 तिमाही के अंत मे 109 हुई।

2. मार्च 2006 तिमाही और उसके आगे से बैंक सुविधा युक्त केंद्रों के वर्गीकरण को 2001 की जनगणना के आधार पर बाँटा गया है। पहले यह 1991 की जनगणना पर आधारित था; परंतु जनसंख्या समूहों की परिभाषा/ कट-ऑफ.साइज में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

3. 2001 की जनगणना के अनुसार मार्च 2006 से जनसंख्या समूह वर्गीकरण को अपडेट किए जाने के कारण बैंकों की शाखाओं/ कार्यालयों के गठन में बदलाव हुआ है : शाखाओं/ कार्यालयों और बैंक सुविधा युक्त केंद्रों के वितरण स्वरूप में बदलाव का असर कुल जमाराशियों और कुल बैंक ऋण की जनसंख्या-समूह-वार वृद्धि दरों पर पड़ा है। दिसंबर 2005 तिमाही तक के आँकडों के लिए बैंक सुविधा युक्त केंद्रों को 1991 की जनगणना के आधार पर बाँटा गया था जबकि मार्च 2006 तिमाही और उससे आगे से 2001 की जनगणना को आधार बनाया गया है। अतः दिसंबर 2005 तक की तिमाहियों से जनसंख्या-समूह-वार तुलना नही हो सकती है। वैसे अन्य विशेषताओं के आधार पर अंकों की तुलना की जा सकती है।

   जून 2006 की जनसंख्या-समूह-वार वृद्धि दरों को जून 2005 की तुलनीय स्थितियों के अनुसार अर्थात् जून 2005 तिमाही की शाखाओं को 2001 सेंसस के अनुसार पुनः वर्गीकरण करके किया गया है। विस्तृत जानकारी के लिये कृपया मार्च 2006 तिमाही के प्रकाशन में प्रकाशित "मुख्य तथ्य" देखें।

4. रिपोर्टिंग कार्यालयों की संख्या के अनुसार अनुसूचित वाणिज्य बैंकों ने जिन बैंक सुविधायुक्त केन्द्रों को सेवा दी उनकी संख्या 34,513 रही। इन केन्द्रों में से 29,039 एकल कार्यालय केंद्र (सिंगल ऑफिस सेंटर्स) थे और 45 केंद्र ऐसे थे जिनके बैंक कार्यालय 100 और इससे अधिक थे।

5. 34,513 बैंक सुविधायुक्त केंद्रों में से जमाराशियों के अनुसार क्रम में रखे गये शीर्ष सौ केंद्रों की जमाराशि कुल जमाराशि का 67.7 प्रतिशत और बैंक ऋण के हिसाब से शीर्ष सौ केंद्रों का बैंक ऋण कुल बैंक ऋण 76.6 प्रतिशत था। जून 2006 में शीर्ष सौ केंद्रों की कुल जमा राशि में पिछले वर्ष से 27.7 प्रतिशत की बढोतरी हुई, जबकि जून 2005 में वही बढोतरी 18.0 प्रतिशत थी। शीर्ष सौ केंद्रों के सकल बैंक ऋण में जून 2006 में 34.4 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर दर्ज हुई। यह वृद्धि जून 2005 में 32.9 प्रतिशत रही।

6. समूह के रूप में राष्ट्रीयकृत बैंको ने कुल जमा राशियों में 48.5 प्रतिशत का योगदान दिया, जबकि भारतीय स्टैंट बैंक और इसके सहयोगियों का योगदान 22.9 प्रतिशत का रहा। अन्य अनुसूचित वाणिज्य बैंकों, विदेशी बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का कुल जमा राशियों में क्रमशः 20.0 प्रतिशत, 5.4 प्रतिशत और 3.2 प्रतिशत का हिस्सा रहा। सकल बैंक ऋण के संदर्भ में कुल बैंक ऋण में सर्वाधिक 47.6 प्रतिशत हिस्सा राष्ट्रीयकृत बैंकों का रहा, जबकि इसके ठीक पीछे भारतीय स्टैंट बैंक और इसके सहयोगी बैंक 22.6 प्रतिशत और अन्य अनुसूचित वाणिज्यि बैंक 20.3 प्रतिशत रहे। तुलनात्मक रुप से विदेशी बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का कुल बैंक ऋण में हिस्सा कम रहा - क्रमशः 6.9 प्रतिशत और 2.6 प्रतिशत।

7. अखिल भारतीय स्तर पर जून 2006 के अंतिम शुक्रवार की स्थिति के अनुसार अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के ऋण और जमा राशियों (सी - डी) का अनुपात 71.6 प्रतिशत रहा। राज्यों / संघशासित क्षेत्रों में सर्वाधिक सी-डी का अनुपात तमिलनाडु (109.0 प्रतिशत) में देखा गया, जबकि इसके बाद महाराष्ट्र (96.5 प्रतिशत) का स्थान रहा। बैंक समूह स्तर पर सी-डी अनुपात अखिल भारतीय अनुपात की तुलना में विदेशी बैंकों (90.4 प्रतिशत) और अन्य अनुसूचित वाणिज्य बैँकों (72.9 प्रतिशत) में अधिक रहा और भारतीय स्टैंट बैंक और उसके सहयोगियों (70.9 प्रतिशत) , राष्ट्रीयकृत बैंकों (70.3 प्रतिशत) और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (57.0 प्रतिशत) के मामले में कम रहा। जनसंख्या समूह के अनुसार अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की जमा राशि और ऋण (सी-डी) अनुपात में महानगर (मेट्रोपोलिटन) केंद्रों का सी-डी अनुपात सर्वाधिक 85.5 प्रतिशत रहा। ग्रामीण केंद्रों (57.0 प्रतिशत) और शहरी केंद्रों (56.9 प्रतिशत) का स्थान उसके बाद रहा और अर्धशहरी केंद्रों में 50.1 प्रतिशत का निम्नतम सी-डी अनुपात देखा गया।

8. जमा राशियों के आकार के अनुसार अनुसूचित वाणिज्य बैंक कार्यालयों के वितरण को देखने से यह पता चलता है कि कुल बैंक कार्यालयों में 51.4 प्रतिशत बैंक कार्यालय 10 करोड.रुपये या इससे अधिक की जमा राशियों वाले थे। कुल जमा राशियों में इन बैंक कार्यालयों का योगदान 92.9 प्रतिशत और कुल बैंक ऋण में 90.4 प्रतिशत रहा। जिन कार्यालयों ने 10 करोड रुपये या अधिक का ऋण दिया उनका प्रतिशत 27.6 रहा। समग्र रुप में इन कार्यालयों ने कुल बैंक ऋण का 87.5 प्रतिशत दिया, जबकि कुल जमा राशियों में उनका हिस्सा 69.4 प्रतिशत रहा।

# HIGHLIGHTS

1. "Quarterly Statistics on Deposits and Credit of Scheduled Commercial Banks – June 2006" provides data on aggregate deposits and gross bank credit of scheduled commercial banks as on last Friday of June 2006. The data are based on Basic Statistical Return-7, received from the branches of all scheduled commercial banks (including Regional Rural Banks). During this quarter, there was amalgamation of 36 RRBs into 12 RRBs leading to reduction in number of RRBs from 133 as at quarter-end March 2006 to 109 as at quarter-end June 2006.

2. Population group classification of banked centres used for the March 2006 quarter and onwards, has been based on the population figures of 2001 census as against earlier classification of banked centres based on the 1991 census. However the definition/cut-off size of population groups remains unchanged.

3. On account of updation of population group classification as per 2001 census in March 2006, there have been changes in the composition of branches/offices of banks. The changes in distribution pattern of population group of branches/ offices and banked centers has impacted the population group-wise growth rates of aggregate deposits and gross bank credit. For data pertaining to quarters upto December 2005, the banked centers were categorized on the 1991 census figures whereas for March 2006 quarter onwards as per 2001 census figures. Therefore, the population group-wise comparison with the quarters upto December 2005 may not hold good. However, the figures according to other characteristics are comparable. The population group-wise growth rates for June 2006 have been worked out taking into account the comparable position of June 2005, *i.e.*, reclassifying the branches in 2005 as per 2001 census. For details, please refer to the Highlights published in the March 2006 issue of the publication.

4. The number of banked centres served by scheduled commercial banks stood at 34,513. Of these centres, 29,039 were single office centres and 45 centers had 100 and more bank offices.

5. The top hundred centers, out of 34,513 banked centers, arranged according to the size of deposits accounted for 67.7 per cent of the total deposits and the top hundred centres arranged according to the size of bank credit accounted for 76.6 per cent of total bank credit. Aggregate deposits of top hundred centres grew at 27.7 per cent in June 2006 over June 2005 compared to 18.0 per cent growth recorded a year ago. Growth rate of gross bank credit of top hundred centres was at 34.4 per cent in June 2006 over June 2005, compared to 32.9 per cent growth recorded in June 2005.

6. Nationalised Banks, as a group, accounted for 48.5 per cent of the aggregate deposits, while State Bank of India and its Associates accounted for 22.9 per cent. The shares of Other Scheduled Commercial Banks, Foreign Banks and Regional Rural Banks in aggregate deposits were 20.0 per cent, 5.4 per cent and 3.2 per cent, respectively. As regards gross bank credit, Nationalised Banks held the maximum share of 47.6 per cent in the total bank credit followed by State Bank of India and its Associates at 22.6 per cent and Other

Scheduled Commercial Banks at 20.3 per cent. Foreign Banks and Regional Rural Banks had relatively lower shares in the total bank credit at 6.9 per cent and 2.6 per cent, respectively.

7. At the all–India level, the credit-deposit (C-D) ratio of all scheduled commercial banks as on last Friday of June 2006 stood at 71.6 per cent. Among the States/Union Territories, the highest C-D ratio was observed in Tamil Nadu (109.0 per cent) followed by Maharashtra (96.5 per cent). At the bank group level, the C-D ratio was above the all-India ratio in respect of Foreign Banks (90.4 per cent), Other Scheduled Commercial Banks (72.9 per cent), and was lower for State Bank of India its Associates (70.9 per cent) and Nationalised Banks (70.3 per cent) and Regional Rural Banks (57.0 per cent). As regards population group-wise C-D ratio of all scheduled commercial banks, metropolitan centres had the highest C-D ratio at 85.5 per cent, followed by rural centres (57.0 per cent) and urban centres (56.9 per cent). The semi-urban centres recorded the lowest C-D ratio at 50.1 per cent.

8. It is observed from the distribution of scheduled commercial bank offices by size of deposits, that the offices with deposits of Rs.10 crore or more, accounted for 51.4 per cent of the bank offices with a share of 92.9 per cent in aggregate deposits and 90.4 per cent in total bank credit. The offices, which extended the credit of Rs.10 crore or more, accounted for 27.6 per cent in terms of their number. These offices together accounted for 87.5 per cent of total bank credit whereas their share in aggregate deposits was 69.4 per cent.